आकाशवाणी
क्षेत्रीय समाचार
देहरादून उत्तराखण्ड)
बुधवार 21.05.2025
समय 1830

मुख्य समाचार :–

- मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा– 'एक देश एक चुनाव' लोकतंत्र को और अधिक सशक्त व समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।
- सीएम हेल्पलाइन से शिकायतकर्ताओं को मिला समाधान। मुख्यमंत्री ने आवेदकों से बातचीत कर फीडबैक लिया।
- अल्मोड़ा जिले में चालू वित्तीय वर्ष की जिला योजना में 74 करोड़ 75 लाख रुपए का परिव्यय स्वीकृत।
- मद्महेश्वर मंदिर के कपाट विधि–विधान और पूजा–अर्चना के बाद श्रद्धालुओं के लिए खोले गए।

एक देश, एक चुनाव

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने कहा है कि उत्तराखंड जैसे पहाड़ी और विषम भौगोलिक परिस्थितियों वाले राज्यों में "एक देश एक चुनाव" महत्वपूर्ण है। मुख्यमंत्री, ''एक देश, एक चुनाव'' विषय पर संयुक्त संसदीय समिति के साथ आज देहरादून में आयोजित संवाद कार्यक्रम में बोल रहे थे। बाद में पत्रकारों से बातचीत में श्री धामी ने कहा कि हमारी चुनाव प्रणाली विविधताओं के बावजूद प्रभावी और मजबूत रही है। लेकिन अलग–अलग समय में चुनाव होने से बार–बार आचार संहिता लगती है, इसके चलते राज्यों के सारे काम ठप पड़ जाते हैं। उन्होंने कहा कि 'एक देश एक चुनाव' हमारे लोकतंत्र को और अधिक सशक्त, प्रभावी और समावेशी बनाने की दिशा में एक महत्वपूर्ण पहल है।

सीएम हेल्पलाइन

सीएम हेल्पलाइन 1905 पर दर्ज होने वाली शिकायतों के निस्तारण के लिए दिए जाने वाले निर्देशों पर विभाग कितनी तत्परता से काम कर रहे हैं, यह जांचने के लिए मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज कई आवेदकों से बातचीत कर फीडबैक लिया। इस दौरान सभी शिकायतकर्ताओं ने बताया कि मुख्यमंत्री के पिछले दिशा–निर्देश के बाद अब उनकी शिकायतों का निस्तारण हो चुका है। इसके लिए उन्होंने मुख्यमंत्री का आभार जताया। मुख्यमंत्री ने गत दिनों सीएम हेल्पलाइन की समीक्षा की थी। इसमें कुछ प्रकरण ऐसे थे, जिनमें मुख्यमंत्री ने विभागों को तय समय सीमा के भीतर निस्तारण के निर्देश दिए थे। इन्हीं प्रकरणों में विभागों के स्तर पर की गई कार्रवाई जानने के लिए श्री धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में उच्च अधिकारियों के साथ बैठक के दौरान कई शिकायतकर्ताओं से बातचीत की।
मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी न सिर्फ सीएम हेल्पलाइन पर दर्ज होने वाली शिकायतों की समीक्षा कर रहे हैं, बल्कि वह बैठकों के बाद होने वाली कार्रवाई पर भी संवेदनशीलता के साथ नजर बनाए हुए हैं। इसी क्रम में मुख्यमंत्री अब पुनः शिकायतकर्ताओं से वास्तविक फीडबैक ले रहे हैं। इससे विभागों पर भी शिकायतों के निस्तारण में तत्परता दिखाने का दबाव बन रहा है।

## राज्यपाल

राजभवन देहरादून में आयोजित कुलपति सम्मेलन के दौरान राज्यपाल लेफ्टिनेंट जनरल गुरमीत सिंह के समक्ष गोविन्द बल्लभ पंत कृषि एवं प्रौद्योगिक विश्वविद्यालय, पंतनगर द्वारा सेमीकंडक्टर क्षेत्र में किए जा रहे कार्यों की प्रस्तुति दी गई। विश्वविद्यालय के चार छात्रों– अंजली गोस्वामी, विदुषी मित्तल, श्रेयांश और वंश अग्रवाल ने एक विस्तृत तकनीकी प्रेजेंटेशन प्रस्तुत किया। इस दौरान विश्वविद्यालय के कुलपति प्रोफेसर मनमोहन सिंह चौहान ने बताया कि केंद्र सरकार के चिप टू स्टार्टअप कार्यक्रम के अंतर्गत विश्वविद्यालय को लगभग 10 करोड़ रुपये की लागत से वी.एल.एस.आई. लैब की स्थापना के लिए उन्नत उपकरण उपलब्ध कराए गए हैं। इन उपकरणों के माध्यम से छात्रों को अत्याधुनिक तकनीकी प्रशिक्षण दिया जा रहा है, जिससे वे आत्मनिर्भर बन सकें। उन्होंने बताया कि यह गर्व का विषय है कि इस कार्यक्रम में प्रशिक्षण प्राप्त सभी 10 छात्रों का चयन सेमीकंडक्टर स्टार्टअप 'नेक्स्ट्रॉन टेक्नोलॉजी' में हो चुका है।
राज्यपाल ने विश्वविद्यालय के प्रयासों की सराहना करते हुए कहा कि पंतनगर निकट भविष्य में सेमीकंडक्टर स्टार्टअप्स का प्रमुख केंद्र बनेगा। उन्होंने छात्रों को प्रोत्साहित करते हुए कहा कि तकनीकी क्षेत्र में छात्र स्वयं के गुरु और शिष्य दोनों होते हैं। उन्हें न केवल सीखना है, बल्कि दूसरों को प्रशिक्षित करना भी है।

## जिला योजना अल्मोड़ा

कैबिनेट मंत्री और अल्मोड़ा जिले के प्रभारी मंत्री डॉ. धन सिंह रावत की अध्यक्षता में आज अल्मोड़ा में जिला योजना की बैठक हुई। बैठक में चालू वित्तीय वर्ष की जिला योजना में 74 करोड़ 75 लाख रुपए का परिव्यय स्वीकृत किया गया। इस दौरान डॉ. रावत ने विभागवार योजनाओं की समीक्षा करते हुए अधिकारियों को विकास कार्यों में गुणवत्ता और पारदर्शिता का विशेष ध्यान रखते हुए इनमें तेजी लाने के निर्देश दिए।

## मद्महेश्वर कपाट खुले

पंचकेदारों में द्वितीय केदार भगवान मद्महेश्वर मंदिर के कपाट विधि–विधान और पूजा–अर्चना के बाद आज पूर्वान्ह 11 बजकर 30 मिनट पर श्रद्धालुओं के दर्शनार्थ खोल दिए गए। इस अवसर पर 300 से अधिक श्रद्धालु उपस्थित रहे। आज सुबह 6 बजे भगवान मद्महेश्वर की चल विग्रह उत्सव डोली ने गौंडार गांव से मंदिर के लिए प्रस्थान किया। मंदिर प्रांगण में डोली के आगमन के बाद विधि–विधान के साथ कपाट खोले गए। कपाट खुलते ही पुजारी शिवलिंग ने स्वयंभू शिवलिंग का समाधि रूप श्रृंगार किया। जिसके बाद श्रद्धालुओं को निर्वाण दर्शन और फिर श्रृंगार दर्शन का सौभाग्य प्राप्त हुआ। इस अवसर पर मंदिर परिसर को 10 कुंतल से अधिक फूलों से सजाया गया था।
बदरीनाथ–केदारनाथ मंदिर समिति के अध्यक्ष हेमंत द्विवेदी ने कपाट उद्घाटन पर श्रद्धालुओं को शुभकामनाएं दीं और विश्वास जताया कि बड़ी संख्या में श्रद्धालु दर्शन के लिए पहुंचेंगे।

## पर्वतारोहण अभियान

मुख्यमंत्री पुष्कर सिंह धामी ने आज मुख्यमंत्री आवास में एन.डी.आर.एफ के तृतीय पर्वतारोहण अभियान 'शौर्य' को हरी झंडी दिखाकर रवाना किया। इस अवसर पर मुख्यमंत्री ने जवानों को पर्वतारोहण अभियान जाने पर शुभकामनाएं दी। उन्होंने कहा निश्चित ही हमारे जवान इस अभियान में सफल होंगे और इस ट्रेक पर आने वाले अन्य पर्वतारोहियों को भी मार्गदर्शन देंगे। उन्होंने कहा कि एनडीआरएफ के जवान आपदा प्रबंधन में अपनी सेवाएँ देने के साथ ही साहसिक गतिविधियों में भाग लेकर अपने कौशल का विस्तार और युवाओं के लिए प्रेरणास्रोत बन रहे हैं। मुख्यमंत्री ने कहा कि राज्य में आने वाली हर आपदा में एन.डी.आर.एफ के जवान ग्राउंड जीरो पर रहते हैं।
एनडीआरएफ के महानिदेशक पीयूष आनंद ने बताया कि ट्रैकिंग का यह अभियान उच्च हिमालय क्षेत्रों में रेस्क्यू करने के लिए भी सहायक सिद्ध होगा। इससे हमारे जवान उच्च हिमालय क्षेत्रों में रेस्क्यू अभियान करने के लिए सक्षम बनेंगे। इस अभियान में 44 सदस्यीय दल देहरादून, उत्तरकाशी, गंगोत्री, चिरबासा, भोजवासा,

तपोवन और कीर्ति ग्लेशियर होते हुए लगभग 6 हजार 832 मीटर ऊंची 'केदार डोमश' चोटी को फतह करने के लिए जा रहे हैं। इस चुनौतीपूर्ण ट्रैक में दुर्गम पर्वतीय रास्ते और हिमनद हैं।

यातायात जागरुकता कार्यक्रम

सड़क हादसों और अपराध की रोकथाम के लिए ऊधमसिंह नगर जिले में पुलिस लगातार प्रयासरत है। इसी कड़ी में आज पुलिस ने रुद्रपुर स्थित एक निजी स्कूल के बच्चों को यातायात नियमों और विभिन्न अपराधों के प्रति जागरूक किया। इस अवसर पर पुलिस क्षेत्राधिकारी प्रशांत कुमार और उनकी टीम ने स्कूल के छात्रों को यातायात के नियमों, पाक्सो एक्ट, साइबर क्राइम आदि के बारे में विस्तार से जानकारी दी। पुलिस क्षेत्राधिकारी ने बताया कि बच्चों को नशा, अपराध और यातायात के प्रति जागरूक करने के लिए यह कार्यक्रम चलाया जा रहा है।